उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार

संख्याः– 03/16/रा.उप./**G-2/2022-23** दिनांकः 06 अप्रैल 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या A-1/E-5/DR/RSI/2022 दिनांक 14 अक्टूबर 2022 द्वारा **राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा–2022** के अन्तर्गत रिक्तियां विज्ञापित की गयी थी, जिसके क्रम में लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा दिनांक 12 फरवरी 2023 को आयोजित की गयी है। इस परीक्षा के उक्त विज्ञापन के प्राविधानानुसार अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा भी निर्धारित है। इस परिप्रेक्ष्य में अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के साथ–साथ शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा के लिए लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार रिक्तियों के लगभग 3 गुना अनुपात में अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए पदवार व ज़िलेवार अभिलेख सत्यापन/शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा के लिए सूची आयोग की वेबसाईट www.psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। इस सूची के अभ्यथियों के ऑन लाईन आवेदन पत्रों में किये गये दावों का मिलान अभ्यथियो के मूल शैक्षणिक एवं आरक्षण इत्यादि के अभिलेखों से किया जायेगा तथा साथ ही विज्ञापन के अनुसार शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा भी आयोजित की जायेगी। विज्ञापन में निर्धारित शारीरिक मानक को पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थियों को अनर्ह कर दिया जायेगा। अभिलेख सत्यापन में जिन अभ्यर्थियों के दावों की पुष्टि उनके अभिलखों से नहीं हो पायेगी उन्हें भी अनर्ह कर दिया जायेगा। तदपश्चात विज्ञापित पदों के सापेक्ष अन्तिम चयन परिणाम लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के अंकों के आधार पर घोषित किया जायेगा। **अभिलेखों का सत्यापन एवं शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षण दिनांक 24 अप्रैल 2023 से 05 मई 2023 की अवधिक में आयोजित किया जायेगा।** इस संबंध में पृथक से विस्तृत दिशा–निर्देश दिनांक 07 अप्रैल 2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे।

पुनः यह स्पष्ट किया जाता है कि यह अंतिम चयन परिणाम नहीं है। अंतिम चयन परिणाम अभिलेखों के सत्यापन एवं शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षण के पश्चात जारी किया जायेगा।

यह भी सूचित किया जाता है अभ्यर्थियों के प्राप्तांक अन्तिम चयन परिणाम के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे। उक्त के क्रम में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तांक से सम्बन्धित अनुरोध पत्रों के क्रम में अन्तिम चयन परिणाम से पूर्व कोई सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।